निगम आयुक्त रोहित व्यास ने विकास एवं निर्माण कार्यों की ली समीक्षा बैठक, प्रत्येक कार्यों पर हुई समीक्षा, सभी कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक निगम सभागार में ली। प्रत्येक छोटे-बड़े कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री घोषणा के तहत कार्यों को अभियंता वाइज जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्पेशल प्रोजेक्ट के कार्यों को भी उप अभियंता को व्यक्तिगत तौर पर दायित्व सौंपा गया है। बैठक में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूलों में संधारण कार्य की बारीकी से समीक्षा की गई। निर्माण कार्यों में गोबर का पेंट उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए हैं। शौचालय मरम्मत एवं संधारण का कार्य भी भिलाई निगम क्षेत्र में किया जा रहा है , इससे संबंधित सभी कार्य पूर्ण करने कहा गया है। मार्केट क्षेत्रों में स्मार्ट टॉयलेट के लिए सभी जोन क्षेत्रों में इससे संबंधित तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक जोन क्षेत्र में दो स्मार्ट टॉयलेट का निर्माण होगा। स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत प्लैनेटेरियम निर्माण , स्विमिंग पूल निर्माण , सेंट्रल लाइब्रेरी निर्माण , ऑडिटोरियम निर्माण, अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क निर्माण , सीसीटीवी कैमरा लगाने का कार्य , सुपेला अस्पताल में जीर्णोद्धार कार्य, ट्रेफिक पार्क कार्य, डबरा पारा चौक का सौंदर्यीकरण एवं पावर हाउस बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण , छत्तीसगढ़ महतारी की स्थापना के कार्यों को सौपे गए उप अभियंता से जानकारी लेकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। वृक्षारोपण को लेकर बैठक में निर्देश दिए गए हैं इसके लिए व्यापारी संघ तथा जनभागीदारी को शामिल करते हुए महाअभियान चलाकर शहर में हरियाली लाने कहा गया है , खाली स्थानों के अलावा मार्केट क्षेत्रों में भी प्लांटेशन पर फोकस रहेगा। रीडिंग जोन सेक्टर 2 तालाब का सौंदर्यीकरण , रामनगर तालाब का सौंदर्यीकरण, संजय नगर तालाब का सौंदर्यीकरण , राधिका नगर मैदान का सौंदर्यीकरण के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। छतीसगढ़ी ओलंपिक के बारे सभी जोन आयुक्त को निर्देश दिए गए है और खेल में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया है। आज की बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डी के वर्मा, संजय बागड़े, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरें, अमिताभ शर्मा एवं खिरोद्र भोई तथा कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता व उप अभियंता आदि मौजूद रहे।